नेशनल ढाबा पर कुरई पुलिस ने की कार्यवाही

सिवनी नवभारत। जैसा की नवभारत समाचार पत्र में विगत दिनों अवैध गतिविधियों पर संचालित हो रहे नेशनल ढाबा को लेकर पुलिस प्रशासन और अन्य संबंधित विभाग को ध्यान आकर्षित करते हुए प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी जिस पर खबर प्रकाशित होने के बाद कुरई पुलिस ने खबर को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही के लिए टीम गठित कर धावा पर कार्यवाही के लिए आदेश दिए थे जिस पर पुलिस ने रात्रि में मौका स्थल नेशनल ढाबा पहुंचकर नियम अनुसार कार्यवाही की इस कार्यवाही से नेशनल ढाबा में हड़कंप मचा ही इसके अलावा इस क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होने वाले अन्य ढाबों के मालिकों की होश उड़ गए और हड़कंप मच गया।

इस कार्यवाही से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगे की असर दिखने लगे हैं और अगर निश्चित तौर पर इन क्षेत्र में संचालित होने वाले ढाबो पर पुलिस नजर रखे और समय-समय पर कार्यवाही करें तो निश्चित तौर पर मामला बड़ा देखने और सुनने को मिलेगा जो जिले के लिए अच्छा होगा। क्योंकि सिवनी जिला एक ऐसा जिला माना जाता है जहां कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक इस नेशनल रोड पर भारी संख्या में ट्रक बस एवं अन्य वाहन ऑन की सबसे अधिक संख्या इसी रोड से आना जाना लगा रहता है। और अधिकांश मामले जो अवैध गतिविधियां में लिप्त रहती हैं वह इसी जिले में अधिकांश देखने और सुनने को मिलती है। अवैध गतिविधियों में ऐसी बहुत सी चीजे जैसे की गो तस्कर का नाम सिवनी जिले में सबसे पहले आता है यहां पर सबसे अधिक मात्रा में गोकशी इसी मार्ग से की जाती है।

इसके अलावा गांजा चरस अफीम सफेद पाउडर भारी मात्रा में इस जिले में प्रमुख व्यापार मुद्दा माना जाता है जिसका जीता जागता उदाहरण विगत दिनों भारी मात्रा में कोतवाली पुलिस ने सफेद पाउडर पर कार्यवाही की थी इसके अलावा आए दिन गांजा तस्करी का भी मामला सुर्खियों में बना था। इन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिससे नौजवान युवक का भविष्य अंधकार से बचा जा सके।

नव भारत खबर का असर

कुरई पुलिस की कार्यवाही से अन्य ढाबों में मचा हड़कंप

शासकीय भूमि में संचालित तो नहीं हो रहा नेशनल ढाबा?

अवैध गतिविधियां संचालित के भी लग रहें आरोप, पुलिस पर उठ रहे सवाल

दावे मालिक को नहीं पुलिस का डर, बस चालकों से है सेटअप

आरटीओ और एनएचएआई विभाग पर भी उठ रहे हैं सवाल

आश्चर्य इस बात का है कि ऐसे मामलों में जो पूरे प्रदेश में नेशनल हाईवे के आसपास क्षेत्र में ढाबा संचालित हो रहे हैं जहां अधिकांश लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया है और बांबे संचालित हो रहे हैं। इसके बाद भी एन एच आई विभाग के अधिकारीयों के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है जो इस समय विभाग के लिए चुनौती से काम नहीं माना जा रहा है इससे तरह-तरह की चर्चाएं जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिरकार क्या कारण है कि विभाग अतिक्रमण हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है। इसके बाद आरटीओ विभाग की बात करें तो इस विभाग द्वारा भी ढाबों में रुकने वाली अन्य राज्यों से अनेको सीमाओं को पर मध्य प्रदेश के जिले में भारी मात्रा में बसो का संचालन कैसे हो रहा है और आरटीओ विभाग आखिरकार इन बसों पर कार्यवाही क्यों नहीं करती हैं। इस बात को लेकर भी जिले में आरटीओ विभाग को लेकर सवाल उठ रहे हैं कौन सी बस कहां से आ रही है और कहां जा रही है शायद इसकी जानकारी भी आरटीओ विभाग को पता नहीं होगा। और इसका फायदा उठाकर बस मालिक अनाप-शनाप किराया वसूल कर जनता को लूटने का काम कर रहे हैं वही सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आई है कि जिस तरह से नियम विरुद्ध तरीके से बस संचालित हो रही है अगर उन बसों की जांच की जाए तो निश्चित तौर पर बड़ा मामला सामने देखने को मिल सकता है अब देखना होगा कि आरटीओ और एन एच आई विभागो के द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

इनका कहना है

आपके माध्यम से पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था जिसके चलते हमारे द्वारा धावे में करवाही की गई। इसके अलावा और ढाबे संचालित हो रहे हैं। उन पर भी नजर रखी जाएगी ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लग सके

कृपाल सिंह तेकाम, थाना प्रभारी कुरई

राजनीति से जुड़े सोनू पाराशर का शव मिला

दो संदिग्ध हिरासत में, आज हो सकता है खुलासा

सिवनी नवभारत। सिवनी नगर के बारापत्थर निवासी राजनीतिक परिवार से जुड़े पवन उर्फ सोनू पाराशर का शव मानेगांव के समीप एक गड्ढे में संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। दो दिन से लापता थे । इस मामले में दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस हत्या प्रकरण में कल खुलासा किया जा सकता है।

चल रहे सोनू का शव शुक्रवार दोपहर मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। डूंडासिवनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनी गांव के पास हुई क्या के बाद सोनू पाराशर का सब बरामद कर लिया गया है। घटनास्थल पर डूंडा सिवनी पुलिस की पुलिस टीम पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। घनश्याम पाल और अविनाश टेमबुरले को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार शास्त्री वार्ड निवासी सोनू पाराशर (उम्र लगभग 45 वर्ष) को आखिरी बार मंगलवार रात मानेगांव क्षेत्र में कुछ लोगों के साथ स्कूटी पर देखा गया था। इसके बाद से वह लापता हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

गुरुवार को उनकी एक्टिवा स्कूटी मानेगांव की झाड़ियों के पास खड़ी मिली, जिससे आशंका और गहराने लगी। इसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे पास के एक गड्ढे में भारी बारिश का पानी भरा होने के चलते तलाशी अभियान चलाया गया। जब गड्ढे से पानी बाहर निकाला गया, तब उसमें सोनू पाराशर का शव दिखाई दिया।

पत्थर बांधकर हत्या की आशंका

परिस्थिति के अनुसार बताई गया कि सोनू की हत्या कर शव को गड्ढे में छिपाया गया। सूत्रों की मानें तो शरीर में पत्थर बांधकर उसे डुबोया गया था, ताकि शव बाहर न आ सके। पुलिस ने इस घटना को प्रथम दृष्टया हत्या मानते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, इलाके में तनाव

सोनू पाराशर का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी सतीश तिवारी के अनुसार पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल्स, और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर सुराग तलाशने में जुटी हुई है।

एक नजर में

जिले में 524.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

सिवनी। भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 11 जुलाई 25 तक 524.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 11 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 473.4 मि.मी, कुरई में 262.0 मि.मी., बरघाट में 312.7 मि.मी., केवलारी में 635.6 मि.मी., छपारा 601.2 मि.मी, लखनादौन में 500.8 मिमी, धनौरा में 566.4 मिमी एवं घंसौर में 847.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 4199.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 11 जुलाई 2024 तक कुल 2735.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

सिवनी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गहन प्रशिक्षण प्रदान कियो जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम मे शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकरी सी एल चनाप द्वारा निरीक्षिण किया गया। उन्होने त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने सहित नामावली में नाम जोड़ने, हटाने एवं त्रुटि सुधार इत्यादि कार्यों व निर्धारित फॉर्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। मास्टर टेनर्स द्वारा बीएलओ को प्रशिक्षण का सामान्य परिचय देकर सभी दायित्वों के बारे में आयोग द्वारा प्रदत्त पीपीटी के जरिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

सावन माह के प्रथम दिन से ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना

अखंड रामायण पाठ और राम नाम लेखन

छपारा नवभारत। शुक्रवार 11 जुलाई से पवित्र सावन माह का शुभारंभ हो गया है, जिसके साथ ही छपारा नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया है। नगर के बस स्टैंड के पीछे स्थित गौरीशंकर मंदिर, बैंनगंगा नदी सिद्ध बाबा घाट का प्राचीन शिव मंदिर, श्रीराम मंदिर,बाजार वार्ड पंचदेव मंदिर और शनिचरी स्थित बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर सहित कई मंदिरों में सावन माह की तैयारियों को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं।

गौरीशंकर मंदिर में अखंड रामायण पाठ और राम नाम लेखन

गौरीशंकर मंदिर में सावन के पहले दिन अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही, राम नाम पत्र लेखन का भी पवित्र कार्य शुरू किया गया है, जिसमें सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु, छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक, उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि सावन मास में शिव मंदिरों में पवित्र शिवलिंग के दर्शन, जलाभिषेक और बेल-पत्र चढ़ाना का अधिक महत्व होता है।

दिघौरी धाम तक कांवड़ यात्रा की तैयारी

छपारा नगर सहित विकास खंड के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा के लिए टोलियां तैयारी कर रही हैं। लगभग 27 किलोमीटर दूर जिला के बंडोल क्षेत्र ग्राम दिघौरी गुरु रत्नेश्वर धाम मंदिर स्थित स्फटिक शिवलिंग के लिए श्रद्धालु बैंनगंगा नदी से अपनी कांवड़ों की कलशों में जल भरकर पैदल कांवड़ यात्रा पर निकलेंगे। यह कांवड़ यात्रा पूरे सावन मास तक चलेंगी, जिसमें आस्था और भक्ति भाव से श्रद्धालु उपवास रख सराबोर रहते हैं, जिसका उन्हें साल भर इंतज़ार रहता है।

सावन माह में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है और इस दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंगा रहता है।

उत्कृष्ट विवेचना हेतु निरीक्षक चैन सिंह उइके को दक्षता पदक से सम्मानित किया गया

सिवनी नवभारत। जिले के पुलिस निरीक्षक चैन सिंह उइके को उनकी अद्वितीय और उत्कृष्ट विवेचना क्षमता के लिए प्रतिष्ठित केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

यह पदक आपराधिक मामलों की सूक्ष्म, निष्पक्ष और प्रभावी जांच में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है। निरीक्षक उइके ने कई जटिल मामलों को कुशलता से सुलझाया है और कानून व्यवस्था की सुदृढ़ स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उनकी कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता और पेशेवर दक्षता से पुलिस विभाग का गौरव बढ़ा है। यह सम्मान उनकी लगन, ईमानदारी और अपराध नियंत्रण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस शानदार उपलब्धि पर समस्त पुलिस परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

विक्रेताओं को खराब सब्जियां एक जगह रखने का निर्देश

छपारा नवभारत। वर्तमान में बारिश के मौसम के कारण नगर के कई स्थानों पर छोटे-छोटे पानी के गड्ढे बन गए हैं, जिससे मच्छरों के पनपने की संभावना बढ़ गई है और मौसम जनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद छपारा ने बड़े पैमाने पर सफाई अभियान शुरू कर दिया है।

शुक्रवार दोपहर 11 जुलाई को नगर के महावीर वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड, फरेश कॉलोनी और बस स्टैंड के पीछे भीमगढ़ रोड किनारे से कचरा उठाया गया। साथ ही, इन जगहों पर दवाओं का पाउडर छिड़काव भी किया गया ताकि मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके।

नगर परिषद के सफाई कार्य प्रभारी कमल कुमार सूर्यवंशी ने बस स्टैंड के पीछे भीमगढ़ रोड किनारे सुबह लगने वाली थोक सब्जी मंडी में सभी सब्जी विक्रेताओं से विशेष आग्रह किया है। उन्होंने निर्देश दिया कि खराब सब्जियां यहां-वहां न फेंककर एक जगह एकत्रित करके रखें। सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया कि परिषद के कचरा वाहन आकर उन्हें ले जाएंगे और कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित किया जाएगा।

यह उल्लेखनीय है कि खराब सब्जियों को सब्जी विक्रेताओं द्वारा यहां-वहां फेंकने से गंदगी और दुर्गंध से वातावरण दूषित हो जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए अधिकांश सब्जी विक्रेताओं ने भी परिषद के इस कदम पर अपनी सहमति जताई है।

यह अभियान नगर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने तथा बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए नगर परिषद की प्रतिबद्धता को दर्शाता है तो वहीं नगर वासियों द्वारा भी अपने जागरूक नागरिक होने का परिचय देते हुए नगर सहित अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया

सिवनी नवभारत। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 10 जुलाई 2025 को प्रात: काल की बेला में *गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया मांगलिक क्रियाएँ सम्पन्न हुई जिसके अंतर्गत आचार्य श्री की 50 द्रव्यों से पूजन की गई, मुनि संघ का पाद प्रक्षालन किया गया ,आरती उतारी गई ,50शास्त्र अर्पण किए गए भाजपा के पूर्व सांसद श्री डाल सिंह बिसेन, पूर्व विधायक श्री नरेश दिवाकर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने भी पाद प्रक्षालन किया। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री धर्म सागर जी महाराज ने कहा कि गुरू भक्ति करते रहना चाहिए। मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है 84 करोड़ मंत्रों वाले महामंत्र में तीन पद गुरु वाले रखे हैं, गुरू से हृदय का आंगन पवित्र हो जाता है, गुरु ही शिष्य को ऊँचा ले जाते हैं , हृदय में शिष्यत्व जाग्रत करने से गुरु प्राप्त हो जाते हैं । भाजपा के पूर्व सांसद श्री डाल सिंह बिसेन ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि धर्म गुरुओं का सम्मान करने का सौभाग्य मिला, गुरु की जीवन में अति आवश्यकता होती है। पूर्व विधायक श्री नरेश दिवाकर ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर गुरुओ के दर्शन मिले यह सौभाग्य के क्षण है ,हम भाग्यशाली है कि हमारे पास सदुरु है , भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरू ही सत्य हैं, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि गुरू की महिमा को वर्णन करना सौभाग्य का विषय है ।

आयोजन सावन मास में शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, रामचरित्र मानस पाठ की भी हुई शुरुआत

सावन मास का पहला दिन : शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, की आराधना

सिवनी नवभारत। महादेव के भक्तों को श्रावण मास यानी सावन का बेसब्री से इंतजार रहता है। शुक्रवार को सावन माह की शुरूवात में जिले के सभी शिव मंदिर में शिव की पूजा शिव अभिषेक करने बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुंचे। इसके साथ ही सावन मास में रामचरित्र मानस पाठ की भी शुरुआत लोगों ने की जो अनेक मंदिरों में निरंतर सावन मास तक चलती है। शुक्रवार को सुबह नगर के मठ मंदिर में शिव की पूजा श्रद्धालुजनों ने की। वहीं मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुजनों ने अखंड राम चरित्र मानस पाठ का वचन भी शुरू किया।शास्त्रों के अनुसार, सावन का महीना भगवान शिव को सबसे ज्यादा प्रिय है। सावन के महीने का हर दिन, विशेष रूप से सावन के सभी सोमवार और 16 सोमवार के खास दिन भगवान शिव की पूजा-उपासना करने से जीवन की हर समस्या का निवारण मिलता है।

आज से सावन का पवित्र महीना ङ्क शुरू हो रहा है, जो 09 अगस्त तक चलेगा। सावन का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना होता है। पूरे सावन माह में शिवजी की आराधना होती है। भगवान विष्णु के चार माह के लिए योग निद्रा में जाने से सृष्टि का संचालन सावन के एक महीने में महादेव करते हैं। हिंदू धर्म में सावन के महीने को बहुत ही शुभऔर पवित्र माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं और हर तरह की मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। सावन के महीन में शिवलिंग पर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करते हैं और कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। आइए जानते हैं सावन माह कैसे करें भोलेनाथ को प्रसन्न, संपूर्ण पूजा विधि और धार्मिक मान्यताएं।

सावन माह कब से कब तक

हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष श्रावण माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है और पूर्णिमा तिथि को खत्म हो जाता है। इस वर्ष सावन माह 11 जुलाई से शुरू होकर 09 अगस्त 2025 तक रहेगा। पूरे 30 दिनों का सावन माह इस बार होगा। पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 11 जुलाई को सुबह 2 बजकर 6 मिनट तक रहेगी, फिर इसके बाद शिवजी का सबसे प्रिय महीना श्रावण शुरू हो जाएगा। 2025 में कितने सावन सोमवार और कब-कब ङ्क इस वर्ष सावन माह में चार सावन सोमवार व्रत रखे जाएंगे। श्रावण माह का पहला सोमवार व्रत 14 जुलाई को, दूसरा सावन सोमवार 21 जुलाई को, तीसरा सावन सोमवार 28 जुलाई को और चौथा सावन सोमवार 04 अगस्त को रहेगा।

आरसीएम परिवार ने उगली में किया सामूहिक पौधा रोपण

उगली नवभारत। सिवनी जिले के उगली क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित आरसीएम परिवार द्वारा एक प्रेरणादायी पहल की गई। हर घर हर द्वार हरियाली अपार के उद्देश्य को लेकर उगली थाना परिसर, उगली मोक्षधाम और उप-तहसील कार्यालय में सामूहिक रूप से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रशासन, पुलिस विभाग, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारीगण, वरिष्ठ नागरिक और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों को समर्थन देने का आह्वान किया। आरसीएम प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक एक-एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य तैयार किया जा सकता है। आज जिस तेजी से वनों की कटाई हो रही है, उसके विरुद्ध यह छोटा-सा कदम बड़े परिवर्तन की शुरुआत बन सकता है। पौधारोपण कार्यक्रम में उगली थाना प्रभारी सहित क्षेत्रीय नागरिक गणों की उपस्थिति रही। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पेड़ लगाएं, पेड़ बचाएं को केवल नारा न बनाएं, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों ने हाथों में पौधे लेकर सामूहिक तस्वीरें भी खिंचवाईं और यह संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की रखवाली और संरक्षण की भी जिम्मेदारी लेंगे। पेड़-पौधे केवल हरियाली नहीं, जीवन की सांस हैं इन्हें लगाएं, बचाएं और अपनाएं। आरसीएम परिवार की यह मुहिम निश्चित ही समाज को पर्यावरण की ओर पुन: जागरूक करने की दिशा में एक सशक्त पहल साबित होगी।